समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Friday, 25 September 2026

# नोहर अस्पताल मे हंड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित शेखू की नियुक्ति, क्षेत्रवासियों ने जताया आभार।

Publisher

Published on 09 Jul 2025



**अब नोहर मे हीं मिलेगी हड्डी और जोड़ रोगों की विशेषज्ञ चिकित्सा सेवा, अभिषेक मटोरिया की पहल रंग लाई।**

**सवांदाता, नोहर,**

**हनुमानगढ़,**

**राजस्थान**

**हनुमानगढ़, राजस्थान : राजकीय चिकित्सालय नोहर जिला हनुमानगढ़** में अब हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ की सुविधा उपलब्ध होगी। पूर्व विधायक **अभिषेक मटोरिया** की अनुशंसा पर **डॉ. रोहित शेखू** को **अस्थि एवं संधि रोग विशेषज्ञ** के रूप में नियुक्त किया गया है। इससे **नोहर** और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अब **हड्डी** और **जोड़ संबंधी** इलाज के लिए बाहर के बड़े शहरों में भटकना नहीं पड़ेगा।

**स्वास्थ्य सेवाओं मे बंड़ा सुधार, आमजन को मिलेगी राहत**

**डॉ. रोहित शेखू** अब **राजकीय चिकित्सालय नोहर** में नियमित रूप से अपनी सेवाएं देंगे। इससे **ग्रामीण क्षेत्र** के हजारों लोगों को राहत मिलेगी, जो अब तक **हड्डी** और **जोड़ रोगों** के उपचार के लिए **हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर** या **जयपुर** तक का सफर करते थे।

**स्थानीय लोगों का कहना है कि अब**

**फ्रैक्चर, जोड़ दर्द, घुटनों की समस्या, पीठ दर्द, ओस्टियोपोरोसिस** आदि की विशेषज्ञ जांच और इलाज **नोहर** में ही मिलेगा। **मरीजों का समय और पैसे दोनों की बचत होगी।**

**आकस्मिक आपातकालीन हड्डी रोग संबंधी केसों मे भी त्वरित इलाज मिल सकेगा।**

### क्षेत्रवासियों ने जताया आभार

क्षेत्र के **सामाजिक कार्यकर्ताओं** और **आम नागरिकों** ने इस पहल के लिए पूर्व विधायक **अभिषेक मटोरिया** का आभार व्यक्त किया है।

**भूमि विकास बैकं** के अध्यक्ष **राजेद्रं सियाग** ने कहा, "नोहर क्षेत्र में हड्डी रोग विशेषज्ञ की लंबे समय से आवश्यकता थी। अभिषेक मटोरिया जी के प्रयासों से यह सुविधा अब उपलब्ध हो गई है। इसके लिए पूरा क्षेत्र उनका आभारी है।"

### स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा मे अंहम कदम

**नोहर** जैसे कस्बाई क्षेत्र में **विशेषज्ञ डॉक्टरों** की नियुक्ति **स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण** की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इससे क्षेत्र में चिकित्सा पर्यटन की भी संभावनाएं बढ़ेंगी और आसपास के गांवों के मरीजों को भी लाभ मिलेगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अब क्षेत्र में **हड्डी के ऑपरेशन, प्लास्टर, जोड़ प्रत्यारोपण** जैसी **आधुनिक सुविधाएं** भी जल्द शुरू होनी चाहिए, जिससे **चिकित्सा सेवाओं** का दायरा और बढ़े।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.